p·anchor / आईटी कार्निवाल में राइटर चेतन भगत बोले

'आपकी सफलता आपके कस्टमर्स में है'

पत्रिका plus रिपोर्टर

जयपुर. जाने माने राइटर चेतन भगत का कहना है कि जो समय के साथ खुद को बदलता है वह सरवाइव कर पाता है। मैं किसी लेखक घराने से नहीं आया लेकिन मैंने खुद को समय के साथ बदला। चेतन भगत मंगलवार को सूचना प्रोद्यौगिकी विभाग की ओर से आयोजित किए गए आईटी कार्निवाल के अंतिम दिन मंगलवार को अपने सेशन चेतन भगत इनसाइट्स ऑन राइटिंग, सक्सेस एंड लाइफ पर बात कर रहे थे। उनका कहना था कि आपको समझना होगा कि यदि आपके पास सॉलिड बेस नहीं है तो सब गड़बड़ है। आज सारी कम्पनियां आपकी अंटेशन खींचने में लगी हुई हैं जिसने आपका अंटेशन खींच लिया वह आपको बड़े पैसे कमा कर दे सकता है। फोकस्ड होना बेहद ज़रूरी है फिर वह लाइफ हो या स्टार्टअप। जयपुर में हुए आईटी कार्निवाल के आयोजन पर खुशी जाहिर करते हुए उन्होंने कहा कि राजस्थान के पास काफी एडवांटेज हैं। मुझे खुशी है कि राजस्थान अब दूसरा बैंगलोर बन सकता है। राजस्थान वहीं राज्य है जिसने पूरे देश को पधारो म्हारे देस का संदेश दिया था और अब पधारो म्हारे डेटाबेस भी राजस्थान में ही होगा।

अपने कस्टमर का ध्यान रखें स्टार्टअप

वहीं स्टार्टअप को लेकर उनका कहना था कि उनके लिए जरूरी है कि वह अपने कस्टमर पर फोकस करें, उनका ध्यान रखें। आपकी सफलता आपके कस्टमर्स की पसंद में है।दुनिया ऐसे लोगों से ही चलती है जो सोचते है कि कैसे लोगों की लाइफ बदले और उस पर काम करते है, वहीं विनर होते है।

राजस्थान ने पूरे देश को टूरिज्म सिखाया और इसे सफल बनाया क्योंकि टूरिज्म के लिए पूरा इन्फ्रास्ट्रक्चर बनाना पड़ता है। आज मुंबई में 50 हजार रुपए देकर भी हम अच्छा घर नहीं ले पाते लेकिन जयपुर अर्फोडेबल है। यह एक लिबरल सिटी है, इंटरनेशनल फ्लाइट है, सेंट्रल पार्क है ऐसा पार्क बैंगलोर में कहां मिलेगा। बस जरूरत है एक दो बड़ी कम्पनियों को यहां लाया जाए।

उन्होंने यह भी कहा सफलता पाने के लिए एक कदम इतिहास में तो दूसरा भविष्य में रखना जरूरी होता है। अपनी नई किताब पर बात करते हुए उन्होंने कहा कि लोगों में गाइडेंस की कमी है लेकिन एंटरटेनमेंट काफी है। मेरी किताब गाइडेंस एंटरटेनमेंट पर है।

Rajasthan Patrika Pg 11, 22/3/23